Title: Need to construct road from the Govind Sagar Ghat to Hemkund Shaheb, a religious place of sikhs in the Uttar Pradesh Hills.

श्री जे.एस. बरार : मिस्टर डिप्टी स्पीकर सर, मैं आपके जरिए सरकार का ध्यान एक बहुत ही अहम मुद्दे की तरफ दिलाना चाहता हूं और वह बात माइक्रोस्कोपिक सिख मायनारिटी से ताल्लुक रखती है। हमारी लीडर आफ दि अपोजीशन की तरफ से आज से एक वर्ष पहले ३०० वर्ष पूरे होने और खालसा पंथ का ३०० साला शताब्दी दिवस समारोह के अवसर पर माननीय प्रधान मंत्री जी को एक पत्र लिखा था और उस पर अमल करते हुए ३०० साला खालसा दिवस मनाया गया। महोदय, मैं आपके ध्यान में लाना चाहता हूं कि खालसा पंथ साहब का सबसे बड़ा तीर्थ स्थल उत्तर प्रदेश में जोशीमठ से १० किलोमीटर आगे जाकर हेमकुंड साहब नामक स्थान है। इस समय श्री भुवन चन्द्र खंडूरी जी, सदन में नहीं हैं, वे उस स्थान को अच्छी तरह से जानते हैं। वहां जाने के लिए १३ किलोमीटर का जो रास्ता है वह बहुत खराब है और इतना कठिन है कि जो भी लोग वहां दर्शनों के लिए जाते हैं वे अक्सर बीमार होकर लौटते हैं। हेमकुंड साहब तीर्थ इतना पवित्र स्थान है कि वहां पर सारे देश से लाखों की संख्या में श्रद्धालु जाते हैं, लेकिन वहां जाने का रास्ता अत्यन्त दुर्गम होने के कारण तीर्थयात्रियों को भारी कष्ट झेलने पड़ते हैं और कई बार तो ऐसे सीवियर एक्सीडेंट हुए हैं जिनसे तीर्थ यात्रियों की मृत्यु तक हो गई है।

… (व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : मिस्टर बराड़, आप सरकार से क्या चाहते हैं, वह बताइए?

श्री जे.एस. बरार : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके जरिए विनती करना चाहता हूं कि गोविन्द सागर घाट से लेकर हेमकुंड साहब तक जो १३ किलोमीटर का रास्ता है, उसे ३०० साला खालसा पन्थ के इस शुभ अवसर पर पक्का कर दिया जाए, तो मायक्रोस्कोपिक सिख मायनारिटी कम्युनिटी का बहुत बड़ा मसला हल होगा और एक बहुत बड़ा विश्वास बनेगा। धन्यवाद।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Now, Shri M. Chinnasamy.

I think, he is not present. Then, Shri Varkala Radhakrishnan.

SHRI VARKALA RADHAKRISHNAN (CHIRAYINKIL): Thank you, Sir, for at least calling me now.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Do you not want to say anything now?

SHRI VARKALA RADHAKRISHNAN : Yes, Sir, I want to submit. First, I had to make that remark, because that is very essential, for having denied justice.

MR. DEPUTY-SPEAKER: But be brief.

SHRI VARKALA RADHAKRISHNAN : Yes, Sir, I shall be brief. I am putting a very important issue.

SHRI M. CHINNASAMY : Sir, I am also present.

MR. DEPUTY-SPEAKER: I called your name twice. But there was no response.

Hon. Members, please have order in the House. I called his name but he could not hear. But now, he has stood up.

Anyway, Shri M. Chinnasamy, please raise your issue..

SHRI VARKALA RADHAKRISHNAN (CHIRAYINKIL): So, shall I have to sit down now?

MR. DEPUTY-SPEAKER: Yes, please sit down. After Shri M. Chinnasamy, you may raise your issue. Hon. Members, please be attentive.